।। श्रीसर्वेश्वरो जयति ।।

।। श्रीभगवन्निम्बार्काचार्याय नमः ।।

श्रीनिम्बार्काब्द 5118-5119 वि.सं. 2080 पिंगल नाम संवत्सर

ईस्वी 2023-2024 का

श्रीभगवन्निम्बार्काचार्य द्वारा स्वीकृत कपालवेध सिद्ध

श्रीसूर्यसिद्धान्तीय गणना आधारित

श्रीनिम्बार्क व्रतोत्सव निर्णय

प्रकाशक

श्रीनिम्बार्क परिषद, जयपुर

मो.: 7425824413, 8764151169

कार्यालय :
मन्दिर श्रीसरसबिहारीजी
गढ़ के सामने, कलवाड़ा
जयपुर-302037 (राजस्थान)

शाखा कार्यालय :
मन्दिर श्रीमाधोबिहारीजी
रिजर्व पुलिस लाइन के सामने,
स्टेशन रोड, जयपुर-302001

सुदर्शन चक्रावतार जगद्गुरू
भगवान श्रीनिम्बार्काचार्य

अनन्त श्रीविभूषित जगद्गुरू निम्बार्काचार्य
श्रीराधासर्वेश्वरशरणदेवाचार्य श्री श्रीजी महाराज

''वेदप्रणिहितोधर्मोह्यधर्मस्तद्विपर्यः।''(भा0 6/1/40)

वेद प्रतिपादित नियमों के पालन करने का नाम धर्म और उसके विपरीताचरण का नाम ही अधर्म है। धर्माचरण के निर्णय हेतु ''तस्माच्छास्त्रं प्रमाणं ते कार्याकार्य व्यवस्थितौ ''इस भगवद्वाक्यानुसार एक मात्र शब्द (शास्त्र)ही प्रमाण है।

व्रत उपवास भी धर्माचरण का ही एक प्रधान अंग है। इसके पालन करने से प्रायः धर्म के अन्य समस्त लक्षणों का पालन हो जाता है। विशिष्ट पर्व दिवस पर विशिष्ट नियमों के पालन का नाम व्रतोपवास है।पापों से उपावृत्त (पृथक) होकर अर्थात् समस्त भोगों से रहित होकर, गुणों के साथ वास करने का ही नाम उपवास है। इसी भावनानुसार भगवान् की सेवा आराधना, एकादशी, महाद्वादशी, रामनवमी-जन्माष्टमी आदि महोत्सवों का विधान श्री आद्याचार्य श्रीनिम्बार्काचार्य प्रभु ने अपने सदाचारप्रकाश नामक ग्रन्थ में किया है और उसी का आश्रय लेकर श्रीऔदुम्बर संहिता, स्वधर्मामृत सिन्धु, वैष्णवधर्म सुरद्रुम मंजिरी, श्रीनिम्बार्क व्रत निर्णय आदि ग्रन्थों का निर्माण साम्प्रदायिक विद्वानों ने किया है।

जैसे देवताओं में विष्णु प्रधान हैं, वैसे ही व्रतों में भी एकादशी व्रत प्रधान है। एकादशी और भगवत महोत्सव एक व्रत में गिने जाते हैं। जब तक एकादशी और भगवतमहोत्सव हों तब तक उपवास रखना चाहिये।दशमी को असुरों तथा एकादशी में देवताओं की उत्पत्ति हुई है, दशमी में भी अर्धरात्र का समय असुरों की उत्पत्ति का कारण है।अतः एकादशी में दशमी का वेध निषिद्ध माना जाता है।स्पर्श, संग, शल्य और वेध इन चतुर्विध वेधों में प्रथम स्पर्श वेध को ही अनन्त श्रीविभूषित जगद्गुरु भगवान श्रीनिम्बार्काचार्यजी ने स्वीकार किया है। आपने प्रत्येक एकादशी एवं भगवद्भागव-जयन्तियों में तिथि का उदय काल अर्धरात्र पर ही माना है।आपके मत में दशमी यदि पल मात्र भी अर्धरात्रि से अधिक हो तो अगली तिथि एकादशी का स्पर्श अर्थात वेध कर लेती हैं तो उस एकादशी का त्याग करके वह उपवास द्वादशी में करना चाहिये ।

अर्धरात्रमतिक्रम्य दशमी दृश्यते यदि।
तालेकादशीं त्यक्त्वा द्वादश समुपोषयेत्।।

(कूर्मपुराण)

जो अर्धरात्र का अतिक्रमण (उल्लंघन) करके दशमी दीख पड़े तो निश्चय ही एकादशी को छोड़ कर द्वादशी में ही व्रत करे। अर्धभाग का नाम है कपाल। अर्धरात्रि के अर्द्ध भाग को स्वीकार करने से इस स्पर्श वेध का ही नाम कपाल वेध है।तात्पर्य यह है कि ''पूर्वविद्धतिथिस्त्यागो वैष्णवस्य हि लक्षणम्'' इस नारद पंचरात्र के प्रमाणानुसार पूर्व विद्धा तिथि का परित्याग ही वैष्णव का लक्षण है। अतः

व्रतोपवासादि में पूर्व विद्धा तिथि छोड़कर पर विद्धा तिथि ही ग्राह्य है। 'स्वधर्मामृत सिन्धु, वैष्णव धर्म सुरद्रुम मंजिरी, औदुम्बर संहिता' आदि ग्रन्थों में इसे विशद रूप में वर्णित किया गया हैं।

बहुवाक्यविरोधेन संदेहो जायते यदा।
उपोष्या द्वादशी तत्र त्रयोदश्यांतु पारणम्।।

इस नारदजी के वचनानुसार बहुवाक्य विरोध होने पर द्वादशी में उपवास करके त्रयोदशी में पारणा करना चाहिये।

आठ–महाद्वादशी

उन्मीलिनी वंजुलिनी त्रिस्पर्शा पक्षवर्द्धिनी।
जया च विजया चौव जयन्ती पापनाशिनी।।
द्वादश्योऽष्टौ महापुण्याः सर्वपापहरा द्विज।। (ब्रह्मवर्त)

उन्मीलिनी, वंजुलिनी, त्रिस्पर्शा, पक्षवर्धिनी, जया, विजया, जयन्ती और पापनाशिनी ये आठ महाद्वादशियां पुण्यप्रद हैं और सम्पूर्ण पापों को हरण करने वाली हैं। इनका योग जानने का क्रम निम्नप्रकार से हैं–

1. जैसे एकादशी पूर्ण हो दूसरे दिन भी कुछ एकादशी हो, तो वह महाद्वादशी 'उन्मीलिनी' कहलाती है।
2. एकादशी तथा द्वादशी सम्पूर्ण हो और फिर त्रयोदशी को भी कुछ अवशिष्ट हो, तो वह महाद्वादशी 'वंजुलिनी' कही जाती है।
3. प्रातः काल एकादशी हो फिर द्वादशी का क्षय होकर रात्रि शेष में त्रयोदशी हो, तो वह महाद्वादशी 'त्रिस्पर्शा' कहलाती है।
4. अमावस्या या पूर्णिमा तिथि यदि दो हो जाय तो वह महाद्वादशी 'पक्षवर्द्धिनी' नाम से कही जाती है।
5. किसी भी मास के शुक्ल पक्ष की द्वादशी यदि पुनर्वसु नक्षत्र से युक्त हो तो वह 'जया' नाम महाद्वादशी होती है।
6. किसी भी मास के शुक्ल पक्ष की द्वादशी यदि श्रवण नक्षत्र से युक्त हो तो वह 'विजया' नाम की महाद्वादशी कही जाती है।
7. किसी भी मास के शुक्ल पक्ष की द्वादशी रोहिणी नक्षत्र से युक्त हो, तो वह 'जयन्ती' नाम की महाद्वादशी कहलाती है।
8. किसी भी मास के शुक्ल पक्ष की द्वादशी पुष्य नक्षत्र से युक्त हो तो वह 'पापनाशिनी' महाद्वादशी कहलाती है।

उपर्युक्त प्रथम चार महाद्वादशी तो तिथियों के योग से बनती है और शेष चार महाद्वादशी नक्षत्रों के योग से आती हैं, अतः इन आठों महाद्वादशियों में से किसी का भी योग आ जावे तो शुद्धा वेध रहित एकादशी को भी छोड़कर महाद्वादशी में व्रत करना चाहिये।यथा–

''शुद्धाप्येकादशी त्याज्या द्वादश्या समुपोषणम्''

श्रीभगवद्जयन्ती पाटोत्सवादि में भी व्रत उपवास रखना वैष्णवों का मुख्य कर्तव्य है। श्रीनिम्बार्क मतानुयायी वैष्णवों को इन जयन्तियों में भी यही कपाल वेध पालन करना चाहिये। जैसे भाद्रपद कृष्ण पक्ष की सप्तमी यदि अर्धरात्रि से अधिक हो, तो श्रीकृष्णजन्माष्टमी महोत्सव दूसरे दिन अष्टमी को न मानकर नवमी को मानना चाहिये और उसी दिन व्रत उपवास रखना चाहिये। कारण कि वह अष्टमी कपाल वेध मतानुसार सप्तमी विद्धा है अतः उसे छोड़कर नवमी को यह उत्सव करना चाहिये। भले ही अष्टमी के दिन बुधवार एवं रोहिणी नक्षत्र आदि– योग भी क्यों न पड़े हों पर सप्तमी विद्धा होने से उसे छोड़ कर नवमी ही मान्य है। इसी प्रकार अन्य तीनों जयन्तियाँ भी कपाल वेध मतानुसार यदि पूर्व तिथियों से विद्धा हों तो श्रीराम नवमी चैत्र शुक्ल दशमी को श्रीनृसिंह जयन्ती वैशाख शु0 पूर्णिमा को, श्रीवामन जयन्ती, भाद्रपद शु0 त्रयोदशी को मानना चाहिये।इसमें किसी प्रकार का संदेह नहीं होना चाहिये। इसके अतिरिक्त श्रीराधा जयन्ती, श्रीजानकी जयन्ती और श्री आचार्य जयन्तियों में भी यही कपाल वेध मुख्य है।

यही पूर्वाचार्य कथित विभिन्न ग्रन्थोक्त बारह मास के व्रतोत्सवों का निर्णय कपाल वेध अनुसार समस्त निम्बार्कीय वैष्णवों की सुविधा हेतु यहाँ किया जा रहा है।साथ ही श्रीनिम्बार्क परिषद् के तत्वावधान में'' श्रीनिम्बार्क उत्सव मण्डल''तथा '' श्रीनिम्बार्क महिला मण्डल'' द्वारा विभिन्न वैष्णवों के यहाँ आयोजित होने वाले भगवत्–भागवत उत्सवों/श्रीयुगल नाम संकीर्तन/श्रीयुगल शतक पाठ की सूचना भी यथास्थान अंकित की गई है, आप सभी भक्त–वैष्णववृन्द इन उत्सवों में सम्मिलित होकर श्रीयुगल आनन्द रस में अवगाहन करें।

यह व्रतोत्सव श्रीसूर्यसिद्धान्तीय गणना तथा जयपुर नगर के अक्षांश देशांश पर भारतवर्ष के मूर्धन्य विद्वानों द्वारा अनुमोदित राजस्थान के एकमात्र सूर्यसिद्धान्तीय श्रीसर्वेश्वर जयदित्य पंचांग के अनुसार है जो श्रीभगवन्निम्बार्काचार्य द्वारा स्वीकृत कपालवेध सिद्धान्त के सर्वथा अनुकूल सिद्ध है।

अत्यन्त सावधानी रखते हुए भी कोई त्रुटी यदि रह गई है तो सूचित करने की कृपा अवश्य करें।

श्रीसर्वेश्वरप्रपत्तिस्तोत्रम्

कृष्णं सर्वेश्वरं देवमस्माकं कुलदैवतम्।
मनसा शिरसा वाचा प्रणमामि मुहुर्मुहुः।। १।।
कारुण्यसिन्धुं स्वजनैकबन्धुं, कैशोरवेषं कमनीयकेशम्।
कालिन्दिकूले कृतरासगोष्ठिं, सर्वेश्वरं तं शरणं प्रपद्ये।। २।।
वेदैकगम्यं भुवनैकरम्यं विश्वस्य जन्मस्थितिभंगहेतुम्।
सर्वाधिवासं न परप्रकाशं सर्वेश्वरं तं शरणं प्रपद्ये।। ३।।
राधाकलत्रं मनसापरत्रं हेयास्पृशं दिव्यगुणैकभूमिम्।
पद्माकरालालितपादपद्मं सर्वेश्वरं तं शरणं प्रपद्ये।। ४।।
आभीरदारानयनाब्जकोषैः संवीर्चतास्यं निखिलैरुपास्यम्।
गोगोपगोपीभिरलंकृतांघ्रि, सर्वेश्वरं तं शरण प्रपद्ये।। ५।।
गोपालबालं सुरराजपालं रामाङ्कमालं शतपत्रमालम्।
वाद्यंरसालं विरजं विशालं, सर्वेश्वरं तं शरणं प्रपद्ये।। ६।।
आनंदसारं ह्रतभूमिभारं, कंशान्तकारं ह्रपिनिर्विकारम्।
कन्दर्पदर्पापिहरावतारं, सर्वेश्वरं तं शरण प्रपद्ये।। ७।।
विश्वात्मकं विश्वजनाभिरामं, ब्रह्मेन्द्र रुद्रैर्मनसा दुरापम्।
भिन्नह्यभिन्नं जगतोहियस्मात्, सर्वेश्वरं तं शरणं प्रपद्ये।। ८।।
पीतांशुकं चारुविचित्रवेशं स्निग्धालकं कुञ्जविशालनेत्रम्।
गोरोचनालं कृतभालनेत्रं, सर्वेश्वरं तं शरणं प्रपद्ये।। ९।।
वन्यैर्विचित्रैः कृतमौलिभूषणं, मुक्ताफलाढ्य झषराजकुण्डलं।
हेमांगदं हारकिरीटकौस्तुभं, मेघाभमानन्दमयं मनोहरम्।। १०।।
सर्वेश्वरं सकललोकललाममाद्यं, देवं वरेण्यमनिशं स्वगतैर्दुरापम्।
वृन्दावनान्तर्गतैर्मृगपक्षिभृंगै-रीक्षापथागतमहं शरणं प्रपद्ये।। ११।।
हे सर्वज्ञ! ऋतज्ञ! सर्वशरण! स्वानन्यरक्षापर!।
कारुण्याकर! वीर! आदिपुरुष! श्रीकृष्ण! गोपीपते!।।
आर्तत्राण! कृतज्ञ! गोकुलपते! नागेन्द्रपाशान्तक!।
दीनोद्धारक! प्राणनाथ! पतितं मां पाहि सर्वेश्वर!।। १२।।
हे नारायण! नारसिंह! नर! हे लीलापते! भूपते!।
पूर्णाचिन्त्यविचित्रशक्तिकविभो! श्रीश! क्षमासागर!।।
आनन्दामृतवारिधे! वरद! हे वात्सल्य रत्नाकर!।
त्वामाश्रित्य न कोऽपियति जठरं तन्मां भवां तारय।। १३।।
माता पिता गुरुरपीश! हितोपदेष्टा, विद्याधनं स्वजनबन्धुरसुप्रियो मे।
धाता सखा पतिरशेषगतिस्त्वमेव, नान्यं स्मरामि तवपादसरोरुहाद्वै।। १४।।
अहो दयालो! स्वदयावशेन वै, प्रपश्य मां प्रापय पादसेवने।
यथा पुनर्मे विषयेषु माधव! रतिर्न भूयाद्धि तथैव साधय।। १५।।
श्रीमत्सर्वेश्वरस्यैतत्स्तोत्रं पापप्रणाशनम्।
एतेन तुष्यतां श्रीमद्राधिका - प्राणवल्लभः।। १६।।

इति श्रीमन्निम्बार्कपादपीठाधिरूढश्रीनिम्बार्कशरणदेवाचार्य
विरचित-श्रीसर्वेश्वरप्रपत्तिस्तोत्रं सम्पूर्णम्।।

श्रीसुदर्शन चक्रावतार आद्याचार्य जगद्गुरु श्रीभगवन्निम्बार्काचार्य प्रणीत-

॥ वेदान्तदशश्लोकी ॥

ज्ञानस्वरूपञ्च हरेरधीनं शरीरसंयोगवियोगयोग्यम्।
अणुं हि जीवं प्रतिदेहभिन्नं ज्ञातृत्ववन्तं यदनन्तमाहुः॥1॥

अनादिमायापरियुक्तरूपं त्वेनं विदुर्वै भगवत्प्रसादात्।
मुक्तञ्च बद्धं किल बद्धमुक्तम प्रभेदबाहुल्यमथापि बोध्यम्॥2॥

अप्राकृतं प्राकृतरूपकञ्च कालस्वरूपं तदचेतनं मतम्।
मायाप्रधानादिपदप्रवाच्यं शुक्लादिभेदाश्च समेऽपि तत्र॥3॥

स्वभावतोऽपास्तमस्तदोष-मशेषकल्याणगुणैकराशिम्।
व्यूहाङ्गिनं ब्रह्म परं वरेण्यं ध्यायेम कृष्णं कमलक्षेणं हरिम्॥4॥

अंगे तु वामे वृषभानुजां मुदा विराजमानामनुरूपसौभगाम्।
सखीसहस्त्रैः परिसेवितां सदा स्मरेम देवीं सकलेष्टकामदाम्॥5॥

उपासनीयं नितरां जनैः सदा प्रहाणयेऽज्ञानतमोऽनुवृत्तेः।
सनन्दनाद्यैर्मुनिभिस्तथोक्तं श्रीनारदायाखिलतत्त्वसाक्षिणे॥6॥

सर्वं हि विज्ञानमतो यथार्थकंश्रुतिस्मृतिभ्यो निखिलस्य वस्तुनः।
ब्रह्मात्मकत्वादिति वेदविन्मतं त्रिरूपताऽपि श्रुतिसूत्रसाधिता॥7॥

नान्या गतिः कृष्णपदारविन्दात् संदृश्यते ब्रह्मशिवादिवन्दितात्।
भक्तेच्छयोपात्तसुचिन्त्यविग्रहा-चिंत्यशक्तेरविचिंत्यसाशयात्॥8॥

कृपास्य दैन्यादियुजि प्रजायते यया भवेत्प्रेमविशेषलक्षणा।
भक्तिर्ह्यनन्याधिपतेर्महात्मनः सा चोत्तमा साधनरूपिकाऽपरा॥9॥

उपास्य रूपं तदुपासकस्य च कृपाफलं भक्तिरसस्ततः परम्।
विरोधिनो रूपमथैतदाप्ते र्ज्ञेया इमेऽर्था अपि पञ्च साधुभिः॥10

।। श्री भगवत् भागवत–संकीर्तन ।।

राधासर्वेश्वर अवतार, हंस रूप श्रुति–मत विस्तार।
सनक सनन्दन आदिकुमार जयति सनातन सनतकुमार।।
श्रीनारदमुनि परम उदार, युगलनाम जप करत विहार।
राधासर्वेश्वर सुखरास, श्रीनिम्बारक श्री हरिव्यास।।
श्रीरङ्गदेवीजू हरिप्रिया पास, युगल किशोर सदा सुखरास।
जय वृन्दावन जय यमुना, जय वंशीवट जय पुलिना।।
जय जय श्यामा जय–जय श्याम, जय–जय श्रीवृन्दावनधाम।

।। पद–संकीर्तन ।।

दोहा

चरण कमल की दीजिये, सेवा सहज रसाल।
घर जायो मोहि जानिके, चेरो मदन गोपाल।।

पद

मदन गोपाल शरण तेरी आयो।
चरण कमल की सेवा दीजै, चेरो करि राखो घर जायो।।
धनि–धनि मात–पिता सुत बन्धु, धनि जननी जिन गोद खिलायो।
धनि–धनि चरन चलत तीरथ को, धनि गुरु जिन हरिनाम सुनायो।।
जे नर विमुख भये गोविन्द सों, जनम अनेक महादुख पायो।
श्रीभट्ट के प्रभु दियो अभय पद, यम डरप्यो जब दास कहायो।।

ठाकुर श्री सरसबिहारी जी सरकार

।। श्रीसर्वेश्वरो जयति ।।

।। श्रीभगवन्निम्बार्काचार्याय नमः ।।

रुक्मिणीसत्यमामाब्रजस्त्री विशिष्टः श्रीभगवान पुरुषोत्तमो वासुदेवः साम्प्रदायिभिर्वैष्णवैः सदोपासनीय

श्रीनिम्बार्क परिषद्

श्रीनि बार्क व्रतोत्सव निर्णय संवत 2080

22 मार्च 2023 से 8 अप्रैल 2024 तक

सुदर्शन चक्रावतार जगद्गुरु
भगवान श्रीनिम्बार्काचार्य

चैत्र शुक्ल पक्ष, संवत 2080

दिनांक	माह	वार	तिथि	व्रतोत्सव
22	मार्च	बुध	1	विक्रम नव संवत्सर प्रारम्भ, श्रीनवरात्र घट स्थापना प्रातः 9.17 से 13.27 तक, ध्वजारोपण, मिश्री कालीमिर्चयुत नव निम्बदलार्पण, पञ्चाङ्ग श्रवण एवं श्रीनिम्बार्कपीठाधीश्वर श्रीकेशवभट्टाचार्यजी का पाटोत्सव
23	मार्च	गुरु	2	सिंजारा
24	मार्च	शुक्र	3	गणगौर व्रतोत्सव, श्रीमत्स्यावतार जयन्ती
25	मार्च	शनि	4	श्रीयुगल नाम संकीर्तन- श्री देवेशचन्द्रजी स्वामी, श्रीमाधो-बिहारी जी का मंदिर सायं 7.30 बजे से 9414073893
27	मार्च	सोम	6	श्रीयमुना जयन्ती, श्रीनिम्बार्कपीठाधीश्वर श्रीपुरुषोत्तमाचार्य जी का पाटोत्सव
30	मार्च	गुरु	9	अखिलकोटी ब्रह्माण्ड नायक सर्वेश्वर भगवान् श्रीराम प्राकट्य महामहोत्सव, श्रीरामनवमी महोत्सव, नवरात्र पूर्ण, श्रीयुगल शतक पाठ - श्रीमती श्वेता जी - सुनील जी अग्रवाल, श्रीमाधोबिहारी जी का मंदिर मध्याह्न 2 बजे से मो:. 9214548919
31	मार्च	शुक्र	10	नवरात्र उत्थापन
2	अप्रैल	रवि	12	श्रीकामदा एकादशी व्रत, पुष्पदोलोत्सव (दोनों उत्सव 11 पूर्व विद्धा होने से आज)
3	अप्रैल	सोम	13	दमनोत्सव (12 पूर्व विद्धा होने से आज)
6	अप्रैल	गुरु	15	पूर्णिमा, श्रीहनुमान जयन्ती, श्रीसत्यनारायण व्रत, वैशाख स्नान प्रारम्भ ठाकुरजी श्रीनिम्बार्ककृष्णबिहारी जी पाटोत्सव सान्निध्य महंत श्री कल्याणदास जी महाराज सेवा कुञ्ज, सेक्टर 23 जगतपुरा, जयपुर - मो:. 9351231660

वैशाख कृष्ण पक्ष, संवत 2080

दिनांक	माह	वार	तिथि	व्रतोत्सव
8	अप्रैल	शनि	2	श्रीयुगल नाम संकीर्तन-श्री जितेन्द्रजी शर्मा- श्रीमाधोबिहारी जी का मंदिर सायं 7.30 बजे से मो:. 9828088894
9	अप्रैल	रवि	3	श्रीनिम्बार्कपीठाधीश्वर श्रीपद्मनाभभट्टाचार्यजी का पाटोत्सव
11	अप्रैल	मंगल	5	श्रीनिम्बार्कपीठाधीश्वर श्रीरामचन्द्रभट्टाचार्यजी का पाटोत्सव
13	अप्रैल	गुरु	8	बाबा श्रीमाधुरीशरणजी का जन्मोत्सव (7 पूर्वविद्धा होने से आज), श्रीअलीमाधुरी कुटी, श्रीवृन्दावन में एवं श्री लाल चंदजी अग्रवाल डोवटी वाले - श्रीमाधोबिहारी जी का मंदिर 5.30 बजे से मो:. 9314005899
16	अप्रैल	रवि	11	श्रीवरूथिनी एकादशी, श्रीआद्यवल्लभाचार्य जयन्ती
19	अप्रैल	बुध	14	पितृकार्य अमावस्या, ब्रजविदेह चतु:सम्प्रदाय श्रीमहंत श्रीधनञ्जयदास जी काठिया बाबा तिरोभाव तिथि
20	अप्रैल	गुरु	30	अमावस्या, देवकार्या अमावस्या, श्रीशुकदेव जयन्ती

वैशाख शुक्ल पक्ष, संवत 2080

दिनांक	माह	वार	तिथि	व्रतोत्सव
21	अप्रैल	शुक्र	1	जगद्गुरु श्रीनिम्बार्कपीठाधीश्वर श्रीराधासर्वेश्वरशरणदेवाचार्य श्रीश्रीजी महाराज की 95वीं जयन्ती श्रीअलीमाधुरी, कुटी श्रीधाम वृन्दावन में वृहद् रूप से सप्त दिवसीय श्रीमहावाणी पाठ रासलीला संत सम्मेलन सहित आयोजित होगा
22	अप्रैल	शनि	2	श्रीयुगल नाम संकीर्तन - श्री गोविन्दशरण जी सोनी, प्लाट नं. 26 श्रीनिम्बार्क निकुंज बिहारी जी मंदिर के पीछे, निम्बार्क नगर, हीरापुरा, जयपुर सायं 7.30 बजे से मो.: 9782022967
23	अप्रैल	रवि	3	अक्षय तृतीया, युगादि, भगवान् श्रीपरशुराम जयन्ती, भगवान् के चन्दन का श्रृङ्गार, सत्तू, ऋतुफल एवं शीतल पदार्थ समर्पण, बाबा श्रीरामचन्द्रदास जी जयन्ती, ठाकुरजी श्रीगोपाल जी महाराज जूसरी का पाटोत्सव
25	अप्रैल	मंगल	5	श्रीआद्यशंकराचार्यजी एवं श्रीआद्यरामानुजाचार्यजी जयन्ती
27	अप्रैल	गुरु	7	श्रीगंगा सप्तमी

28	अप्रैल	शुक्र	8	श्रीनिम्बार्कपीठाधीश्वर श्रीविलासाचार्यजी का पटोत्सव श्री मोहनलाल जी पुड़ी वाले, निधिवन, सम्राट फार्म हाउस वर्धमान नगर, अजमेर रोड, जयपुर 9314504977
29	अप्रैल	शनि	9	सर्वेश्वरी भगवती श्रीजानकी जयन्ती (नवमी) महोत्सव, श्रीयुगल शतक पाठ - श्रीमती सुशीला जी - गोपाल लाल जी, पुड़ी वाले, निधिवन, सम्राट फार्म हाउस, वर्धमान नगर, अजमेर रोड, जयपुर मध्याह्न 2 बजे से मो.: 9351999211
30	अप्रैल	रवि	10	ठाकुरजी श्रीमाधोबिहारी जी का 99वाँ पाटोत्सव, जयपुर
1	मई	सोम	11	श्रीमोहिनी एकादशी व्रत, श्रीहितहरिवंश महाप्रभु जयन्ती
2	मई	मंगल	12	द्वाराधिपति श्रीमुकुन्ददेवाचार्यजी का पाटोत्सव
4	मई	गुरु	14	भगवान् श्रीनृसिंह जयन्ती
5	मई	शुक्र	15	पूर्णिमा, श्रीकूर्मावतार जयन्ती, श्रीबुद्धावतार पूर्णिमा, श्रीसत्यनारायण व्रत, वैशाख स्नान पूर्ति

ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष, संवत 2080

दिनांक	माह	वार	तिथि	व्रतोत्सव
6	मई	शनि	1	जलसेवा प्रारम्भ, आज से इस माह की पूर्णिमा पर्यन्त पूरे मास शीतल सुगन्धित जलशय्या पर भगवान की शयन सेवा
7	मई	रवि	2	श्रीनरहरिदेव जी का प्राकट्योत्सव श्रीवनविहार परिक्रमा-वृन्दावन
11	मई	गुरु	6	श्रीनिम्बार्कपीठाधीश्वर श्रीवामनभट्टाचार्यजी का पाटोत्सव
13	मई	शनि	8	श्रीयुगल नाम संकीर्तन - श्री हनुमान सहाय जी बिडला (श्रीमती रेखा जी), श्रीमाधोबिहारी जी का मंदिर सायं 7.30 बजे से मो.: 9314062123
16	मई	मंगल	12	श्रीअपरा एकादशी व्रत (11 पूर्वविद्धा होने से आज)
17	मई	बुध	13	महन्त श्रीगोविन्दास जी महाराज का स्मृति महोत्सव श्रीराधाकृष्ण धाम, श्रीनृसिंह कुटी अजयराजपुरा जयपुर
19	मई	शुक्र	30	अमावस्या, देवपितृकार्याऽमा

ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष, संवत 2080				
दिनांक	माह	वार	तिथि	व्रतोत्सव
21	मई	रवि	2	श्रीनिम्बार्कपीठाधीश्वर श्रीराधासर्वेश्वरशरणदेवाचार्य श्रीश्रीजी महाराज का 81 वाँ पाटोत्सव
23	मई	मंगल	4	जगद्विजयी श्रीनिम्बार्कपीठाधीश्वर श्रीकेशवकाश्मीरिभट्टाचार्य जी का पाटोत्सव- श्री गोपाल लाल जी-सुशीला जी पुड़ी वाले, निधिवन, सम्राट फार्म, वधर्मान नगर, अजमेर रोड, जयपुर मो.: 9351999211, सायं 6 बजे से
24	मई	बुध	5	श्रीनिम्बार्कपीठाधीश्वर श्रीव्रजराजशरणदेवाचार्यजी का पाटोत्सव
26	मई	शुक्र	7	श्रीनिम्बार्कपीठाधीश्वर श्रीनिम्बार्कशरणदेवाचार्य जी का पाटोत्सव (6 पूर्वविद्धा होने से आज)
27	मई	शनि	8	श्रीनिम्बार्कपीठाधीश्वर श्रीस्वरूपाचार्यजी का पाटोत्सव (7 पूर्वविद्धा होने से आज), श्रीयुगल नाम संकीर्तन, श्री चेतन जी शर्मा, श्रीमाधोबिहारी जी का मंदिर सायं 7.30 बजे से मो.: 9828768713
29	मई	सोम	9	ठाकुरजी, श्रीआनन्दमनोहरवृन्दावनचन्द्र जी एवं श्रीरूपमनोहरवृन्दावनचन्द्र जी का पाटोत्सव, श्रीजी की कुञ्ज वृन्दावन, श्रीयुगल शतक पाठ, श्रीमती सुमन जी-नवलकिशोर जी गोयल, गोयल भवन, महावीर स्कूल के सामने, महावीर मार्ग, मध्याह्न 2 बजे मो.: 7073576339
30	मई	मंगल	10	श्रीगङ्गा दशमी, ठाकुरजी श्रीसरसबिहारीजी, श्रीललितकिशोरजी, श्रीराधामुकुन्दबिहारीजी का पाटोत्सव, कलवाड़ा, श्रीनिम्बार्कपीठस्थ श्रीराधामाधव भगवान् का पाटोत्सव
31	मई	बुध	11	श्रीनिर्जला एकादशी व्रत
4	जून	रवि	15	पूर्णिमा, श्रीसत्यनारायण व्रत, ज्येष्ठाभिषेक, जलसेवा पूर्ति

सम्प्रदाय दृढ़ निष्ठ हो, निज उपास्य का ध्यान।
तिलक-कण्ठी धारण सदा, 'शरण' सुवैष्णव जान।।

कवच सुदर्शन पाठ कर, गोपाल मन्त्र का जाप।
श्रीसर्वेश्वर मुदित हो, 'शरण' शमन सब ताप।।

आषाढ़ कृष्ण पक्ष, संवत 2080

दिनांक	माह	वार	तिथि	व्रतोत्सव
10	जून	शनि	7	श्रीयुगल नाम संकीर्तन-श्री सूरज नारायण जी, श्री मुरलीजी कामदार, प्लाट नं. 125, निर्माण नगर, ए.बी., डीसीएम, अजमेर रोड, सायं 7.30 बजे से मो.: 9414718116
11	जून	रवि	8	श्रीनिम्बार्कपीठाधीश्वर श्रीपद्माकरभट्टाचार्यजी का पाटोत्सव
12	जून	सोम	9	श्रीनिम्बार्कपीठाधीश्वर श्रीकृष्णभट्टाचार्य जी का पाटोत्सव, ठाकुरजी श्रीकल्याणकृष्णबिहारीजी पाटोत्सव, श्री कल्याण सहाय जी, श्री श्यामसुंदर जी भिवानी वाले, टी.पी.एस. स्कूल के पास, अम्बाबाड़ी, जयपुर - मो.: 8561803864
14	जून	बुध	11	श्रीयोगिनी एकादशी
17	जून	शनि	14	पितृकार्या, अमावस्या
18	जून	रवि	30	अमावस्या, देवकार्या अमावस्या

आषाढ़ शुक्ल पक्ष, संवत 2080

दिनांक	माह	वार	तिथि	व्रतोत्सव
19	जून	सोम	1	गुप्त नवरात्र आरम्भ
20	जून	मंगल	2	श्रीरथयात्रा महोत्सव
24	जून	शनि	6	श्रीयगुल नाम संकीर्तन, श्री सत्यनारयण जी महेशजी बैराठी 102, विवेक विहार कॉलोनी, दैनिक भास्कर के सामने, जे.एल.एन. मार्ग, जयपुर सांय 7.30 बजे से 9829013067
27	जून	मंगल	9	गुप्त नवरात्र पूर्ण, श्रीयुगल शतक पाठ- श्रीमती उषा जी - मोहनलाल जी पुड़ी वाले, श्रीमाधोबिहारी जी का मंदिर मध्याह्न 2 बजे से मो.: 7014268705
28	जून	बुध	10	श्रीनिम्बार्कपीठाधीश्वर श्रीमाधवाचार्यजी का पाटोत्सव
29	जून	गुरु	11	श्रीदेवशयनी एकादशी व्रत
2	जुलाई	रवि	14	श्रीगुरुपूजन श्री गोवर्धन दास जी सोढानी, मेहंदी का चौक, बड़ी चौपड़ - दोपहर 2 बजे से 4 बजे तक 9309064554

3	जुलाई	सोम	15	पूर्णिमा, श्रीगुरुपूर्णिमा, श्रीहंस भगवान् से लेकर समस्त आचार्यों एवं निज गुरुदेव का पूजन, श्रीसत्यनारायण व्रत

प्रथम श्रावण शुद्ध कृष्ण पक्ष, संवत 2080

दिनांक	माह	वार	तिथि	व्रतोत्सव
4	जुलाई	मंगल	1	दोलोत्सव - हिण्डोला आरम्भ
8	जुलाई	शनि	6	श्रीयुगल नाम संकीर्तन - श्री कुंजबिहारी जी शर्मा, श्रीमाधोबिहारी जी का मंदिर सायं 7.30 बजे से मो.: 9415506222
13	जुलाई	गुरु	11	श्रीकामदा एकादशी व्रत
17	जुलाई	सोम	30	अमावस्या, हरियाली अमावस्या, देवपितृकार्याऽमा, श्रीसरसमाधुरी शरण जी जयन्ती झूलन महोत्सव- श्री गोपाललाल जी-सुशीला जी पुड़ी वाले निधिवन, सम्राट फार्म, वर्धमान नगर, अजमेर रोड जयपुर मो.: 9351999211, सायं 6 बजे से

प्रथम श्रावण अधिक शुक्ल पक्ष, संवत 2080

दिनांक	माह	वार	तिथि	व्रतोत्सव
18	जुलाई	मंगल	1	अधिक मास श्रीपुरुषोत्तम मासारम्भ
22	जुलाई	शनि	4	श्रीयुगल नाम संकीर्तन - श्री श्यामसुन्दर जी पीतलिया श्रीमाधोबिहारी जी का मन्दिर, 8000025887
27	जुलाई	गुरु	9	श्रीयुगल शतक पाठ - श्रीमती कृष्णप्रिया जी - गोविन्द शरण जी सोनी, प्लाट नं. 26, श्रीनिम्बार्क निकुंज बिहारी जी मंदिर, के पीछे, निम्बार्क नगर, हीरापुरा, जयपुर मो.: 9828071488
29	जुलाई	शनि	11	श्रीपुरुषोत्तम एकादशी
1	अगस्त	मंगल	15	पूर्णिमा पुण्य-स्नान-दान, श्रीसत्यनारायण व्रत

राम-कृष्ण रसरूप हैं, इनमें कभी न भेद।
मर्यादा-लीलाधिपति, 'शरण' निरूपण वेद।।

द्वितीय श्रावण अधिक कृष्ण पक्ष, संवत 2080

दिनांक	माह	वार	तिथि	व्रतोत्सव
12	अगस्त	शनि	11	श्रीपुरुषोत्तम एकादशी, श्रीयुगल नाम संकीर्तन-श्री भगवान सहाय जी तोषनीवाल, श्रीमाधोबिहारी जी मन्दिर सायं 7.30 बजे से मो.: 9414070947
15	अगस्त	मंगल	14	पितृकार्याऽमा, स्वतन्त्रता दिवस
16	अगस्त	बुध	30	अमावस्या, देवकार्याऽमा, अधिक मास - श्रीपुरुषोत्तम मास पूर्ण

द्वितीय श्रावण शुद्ध शुक्ल पक्ष, संवत 2080

दिनांक	माह	वार	तिथि	व्रतोत्सव
18	अगस्त	शुक्र	2	सिंजारा
19	अगस्त	शनि	3	झूलनोत्सव प्रारम्भ, हरियाली तीज, श्रीनिम्बार्कपीठाधीश्वर श्रीबलभद्राचार्यजी का पाटोत्सव, श्रीविहारिनदेव जी का प्राकट्योत्सव
22	अगस्त	मंगल	6	श्रीकल्कि जयन्ती
23	अगस्त	बुध	7	श्रीनिम्बार्कपीठाधीश्वर श्रीगोपीनाथभट्टाचार्यजी का पाटोत्सव
25	अगस्त	शुक्र	9	श्रीयुगल शतक पाठ- श्रीमती रामजानकी देवी (अमित जी शर्मा) श्रीमाधोबिहारी जी का मंदिर, मध्याह्न 2 बजे से 7425824413
26	अगस्त	शनि	10	श्रीयुगल नाम संकीर्तन- श्री रामजी कट्टा, 257, कट्टा स्ट्रीट जैन मंदिर के पास, टोंक रोड, दुर्गापुरा, जयपुर सायं 7.30 बजे से मो.: 9829019819
27	अगस्त	रवि	11	श्रीपवित्रा एकादशी
28	अगस्त	सोम	12	पवित्रा रोपण, पवित्रा द्वादशी
30	अगस्त	बुध	14	रक्षाबन्धन रात्रि 8.15 के पश्चात, पूर्णिमा पुण्य, शुक्ल-कृष्ण यजुर्वेदी श्रावणी कर्म, चन्द्र पूर्णिमा
31	अगस्त	गुरु	15	पूर्णिमा पुण्य-स्नान-दान, श्रीसत्यनारायण व्रत

भाद्रपद कृष्ण पक्ष, संवत 2080				
दिनांक	**माह**	**वार**	**तिथि**	**व्रतोत्सव**
4	सितम्बर	सोम	5	श्रीनिम्बार्कपीठाधीश्वर श्रीपरशुरामदेवाचार्यजी का पाटोत्सव
7	सितम्बर	गुरु	8	अखिलकोटी ब्रह्माण्ड नायक लीला पुरुषोत्तम सर्वेश्वर भगवान् श्रीकृष्ण प्राकट्य महामहोत्सव, श्रीजन्माष्टमी
8	सितम्बर	शुक्र	9	श्रीनन्द महोत्सव, पलना दर्शन, दधिकांदौ, अखंड श्रीयुगल नाम संकीर्तन (प्रातः 10 बजे से) - श्री सत्यनारायण जी पवन जी कंदोई, ई-41, डिफेन्स पब्लिक स्कूल के पास, वैशाली नगर, जयपुर मो.: 9829056106
9	सितम्बर	शनि	10	अखंड श्रीयुगल नाम संकीर्तन पूर्णाहुति
10	सितम्बर	रवि	11	श्रीअजा एकादशी व्रत, कटिदान उत्सव
11	सितम्बर	सोम	12	गोवत्स द्वादशी - बच्छबारस
12	सितम्बर	मंगल	13	श्रीनिम्बार्कपीठाधीश्वर श्रीवृन्दावनदेवाचार्यजी का पाटोत्सव
14	सितम्बर	गुरु	30	कुशोत्पाटनी (कुशग्रहणी) अमावस्या, देवपितृकार्याऽमा

भाद्रपद शुक्ल पक्ष, संवत 2080				
दिनांक	**माह**	**वार**	**तिथि**	**व्रतोत्सव**
18	सितम्बर	सोम	3	श्रीवराह जयन्ती
19	सितम्बर	मंगल	4	श्रीगणेश चतुर्थी
20	सितम्बर	बुध	5	श्रीऋषि पञ्चमी, सामवेदी उपाकर्म
21	सितम्बर	गुरु	6	श्रीबलदेव जयन्ती
23	सितम्बर	शनि	8	नित्यनिकुंजेश्वरी सर्वेश्वरी श्रीराधा प्राकट्य महामहोत्सव, श्रीअलीमाधुरी कुटी वृन्दावन में प्राकट्य लीला-दर्शन, स्वामी श्रीहरिदासजी महाराज का प्राकट्योत्सव टटिया स्थान, श्रीमद्भागवत जयन्ती महोत्सव, श्री युगल नाम संकीर्तन - श्री महावीरजी शर्मा, श्रीमाधोबिहारीजी का मन्दिर 9829633695
24	सितम्बर	रवि	9	श्रीयुगल शतक पाठ, श्रीमती प्रियंका-सौरभ जी, श्रीमती रश्मि ऋषभ जी बैराठी, 102, विवेक विहार कॉलोनी, दैनिक भास्कर सामने, जे.एल.एन. मार्ग, मध्याह्न 2 बजे से मो.: 9829013067

26	सितम्बर	मंगल	12	श्रीपद्मा (जलझूलनी एकादशी व्रत) श्रीनिम्बार्कपीठाधीश्वर श्रीगोपालाचार्यजी का पाटोत्सव (11 पूर्वविद्धा होने से आज), श्रीवामन जयन्ती, श्रीविजया महाद्वादशी एवं श्रीनिम्बार्कपीठाधीश्वर श्रीपद्माचार्यजी का पाटोत्सव
28	सितम्बर	गुरु	14	श्रीअनन्त चतुर्दशी, चन्द्रपूर्णिमा
29	सितम्बर	शुक्र	15	पूर्णिमा पुण्य-स्नान-दान, श्रीसत्यनारायण व्रत, श्रीरंगदेवी श्रीसुदेवी जयन्ती, श्राद्ध पक्ष प्रारम्भ, पूर्णिमा का श्राद्ध

अश्विन कृष्ण पक्ष, संवत 2080

दिनांक	माह	वार	तिथि	व्रतोत्सव
30	सितम्बर	शनि	1	प्रतिपदा, द्वितीया का श्राद्ध
1	अक्टूबर	रवि	2	तृतीया का श्राद्ध
2	अक्टूबर	सोम	3	चतुर्थी का श्राद्ध
3	अक्टूबर	मंगल	4	पंचमी का श्राद्ध, गौलोकवासी महंत श्रीद्वारकादास जी महाराज जयन्ती
4	अक्टूबर	बुध	5	षष्ठी का श्राद्ध
5	अक्टूबर	गुरु	6	सप्तमी का श्राद्ध, श्रीनिम्बार्कपीठाधीश्वर श्रीघनश्यामशरण देवाचार्यजी का पाटोत्सव
6	अक्टूबर	शुक्र	7	अष्टमी का श्राद्ध, श्रीचतुरचिन्तामणि "नागाजी" महाराज का पाटोत्सव
7	अक्टूबर	शनि	8	नवमी का श्राद्ध
8	अक्टूबर	रवि	9	दशमी का श्राद्ध
9	अक्टूबर	सोम	10	श्रीनिम्बार्कपीठाधीश्वर श्रीभूरिभट्टाचार्यजी का पाटोत्सव
10	अक्टूबर	मंगल	11	श्रीइन्दिरा एकादशी व्रत
11	अक्टूबर	बुध	12	एकादशी, द्वादशी का श्राद्ध, विरक्त-सन्यासी-यति श्राद्ध
12	अक्टूबर	गुरु	13	त्रयोदशी का श्राद्ध
13	अक्टूबर	शुक्र	14	चतुर्दशी का श्राद्ध (केवल शत्रहत एवं विषमरण)
14	अक्टूबर	शनि	30	अमावस्या एवं श्राद्ध, सर्वपितृ श्राद्ध, देवपितृकार्याऽमा, श्रीयुगलनाम संकीर्तन - श्रीमती सुमनजी पोद्दार, निधिवन, सम्राट फार्म के पीछे, वर्धमान नगर, सायं 7.30 बजे से

अश्विन शुक्ल पक्ष, संवत 2080

दिनांक	माह	वार	तिथि	व्रतोत्सव
15	अक्टूबर	रवि	1	शारदीय नवरात्रारम्भ घट स्थापना 11.49 से 12.36 तक
16	अक्टूबर	सोम	2	आदिवाणीकार श्रीनिम्बार्कपीठाधीश्वर श्रीश्रीभट्टदेवाचार्यजी महाराज का पाटोत्सव श्री हनुमानदास जी-मुकुट बिहारी जी मोदी- बी-87, जय जवान कॉलोनी-1, दुर्गापुरा गौशाला के सामने, नाहर हॉस्पिटल वाली गली, टोंक रोड जयपुर, सायं 6 बजे से, 9829059909
20	अक्टूबर	शुक्र	6	श्रीसरस्वती आवाहन (मूलेषु स्थापन)
21	अक्टूबर	शनि	7	श्रीसरस्वती पूजन (पुर्वाषाढासु पूजनं)
22	अक्टूबर	रवि	8	श्रीसरस्वती बलिदान विसर्जन (उत्तरासु अर्चनम)
23	अक्टूबर	सोम	9	श्रीसरस्वती विसर्जन (श्रवणेन विसर्जयेत), नवरात्र समाप्ति श्रीविजयादशमी निमित्त श्रीसुदर्शनादि सर्वायुध पूजा, शमी पूजन, श्रीयुगल शतक पाठ- श्रीमती कृष्णा जी-रामबाबूजी खटाई वाले, श्रीमाधोबिहारीजी का मंदिर मध्याह्न 2 बजे से मो.: 6375402745, 8764151169
24	अक्टूबर	मंगल	10	श्रीविजयादशमी निमित्त रथयात्रा, नवरात्र उत्थापन, जगद्गुरु श्रीमध्वाचार्य जी जयन्ती
25	अक्टूबर	बुध	11	श्रीपापांकुशा एकादशी व्रत, श्रीनवेलीदासी जी महाराज स्मृति महोत्सव अखंड श्रीयुगल नाम संकीर्तन प्रात: 9 बजे से श्री गोपाल लाल जी-सुशीला जी पुड़ी वाले, निधिवन सम्राट फार्म, वर्धमान नगर, अजमेर रोड, जयपुर 9461817706, 9351999211
26	अक्टूबर	गुरु	12	अखंड श्रीयुगल नाम संकीर्तन पूर्णाहुति एवं समाज गायन
27	अक्टूबर	शुक्र	14	श्रीनिम्बार्कपीठाधीश्वर श्रीश्यामाचार्यजी का पाटोत्सव (13 क्षय होने से आज), अगले दिन ग्रहण होने से आज शरद पूर्णिमा कृत्य, रासोत्सव
28	अक्टूबर	शनि	15	पूर्णिमा, शरद पूर्णिमा, पूर्णिमा व्रत, कार्तिक स्नान प्रारम्भ, श्रीसत्यनारायण पूर्णिमा श्रीसरसदेवीजी का प्राकट्योत्सव चन्द्र ग्रहण-सूतक सायं 4:09 से, ग्रहण रात्रि 1:05 से, मोक्ष रात्रि 2:24 पर

कार्तिक कृष्ण पक्ष, संवत 2080				
दिनांक	माह	वार	तिथि	व्रतोत्सव
29	अक्टूबर	रवि	1	श्रीयुगल नाम संकीर्तन, श्री अशोक जी-मैना जी अग्रवाल श्रीमाधोबिहारी जी का मन्दिर, सायं 7.30 बजे से मो.: 6377338154
1	नवम्बर	बुध	4	रसिक बोहरे श्री ब्रजभूषण जी महाराज जन्मोत्सव- श्री हनुमान दास जी-कृष्णबिहारी जी मोदी, 111, श्रीविहार होटल क्लार्क आमेर के पीछे, सायं 6 बजे, 9351657070
2	नवम्बर	गुरु	5	श्रीनिम्बार्कपीठाधीश्वर श्रीगोविन्ददेवाचार्यजी का पाटोत्सव, तपोमूर्ति बाबा श्री शुकदेवदास जी महाराज जयन्ती, नायला
6	नवम्बर	सोम	9	श्रीनिम्बार्कपीठाधीश्वर श्रीगोविन्दशरणदेवाचार्य जी का पाटोत्सव (8 पूर्वविद्धा होने से आज)
7	नवम्बर	मंगल	10	श्रीनिम्बार्कपीठाधीश्वर श्रीश्रवणभट्टाचार्य जी का पाटोत्सव (9 पूर्वविद्धा होने से आज)
9	नवम्बर	गुरु	11	श्रीरमा एकादशी व्रत, श्रीनिम्बार्कपीठाधीश्वर श्रीमाधवभट्टाचार्य जी का पाटोत्सव
10	नवम्बर	शुक्र	12	धनतेरस, श्रीमहावाणीकार रसिकाराजराजेश्वर श्रीनिम्बार्कपीठाधीश्वर श्रीहरिव्यासदेवाचार्य जी का पाटोत्सव, गुरु द्वादशी
11	नवम्बर	शनि	13	श्रीधन्वन्तरि जयन्ती, रूप चतुर्दशी, श्रीयुगल नाम संकीर्तन- श्री गोपाल लाल जी-सुशीला जी पुड़ी वाले, निधिवन, सम्राट फार्म, वर्धमान नगर, अजमेर रोड, जयपुर सायं 6 बजे से मो.: 9351999211
12	नवम्बर	रवि	14	श्रीमहालक्ष्मी पूजन, दीपमालिका प्रदोषवेलायम् दीपोत्सव, श्रीराधिकोत्थापन
13	नवम्बर	सोम	30	अमावस्या, देवपितृकार्याऽमा

श्रीनिम्बार्क परिषद् द्वारा आयोजित श्रीनिम्बार्क जयन्ती महोत्सव के कार्यक्रमों की सूचना यथा समय पृथक से उपलब्ध कराई जायेगी।

कार्तिक शुक्ल पक्ष, संवत 2080				
दिनांक	**माह**	**वार**	**तिथि**	**व्रतोत्सव**
14	नवम्बर	मंगल	1	श्रीअन्नकूट महोत्सव, श्रीगोवर्धनपूजा
15	नवम्बर	बुध	2	यम द्वितीया, भाई दूज
16	नवम्बर	गुरु	3	ब्रह्मचारी महंत श्रीयुगलशरणजी महाराज जयन्ती, पाटनारायण
18	नवम्बर	शनि	5	ब्रजविदेह चतु:सम्प्रदाय श्रीमहंत श्रीधञ्जयदास जी काठिया बाबा जयन्ती
20	नवम्बर	सोम	8	गोपाष्टमी महोत्सव, गो पूजन
21	नवम्बर	मंगल	9	अक्षय नवमी, श्रीनिम्बार्क परिषद् द्वारा आयोजित श्रीनिम्बार्क जयन्ती महोत्सव आरम्भ, द्वाराधिपति श्रीस्वभूरामदेवाचार्यजी जयन्ती महोत्सव (8 पूर्वविद्धा होने से आज) श्री गोपाल लाल जी-सुशीला जी पुड़ी वाले, निधिवन, सम्राट फार्म, वर्धमान नगर, अजमेर रोड, जयपुर सायं 6 बजे से मो.: 9351999211
22	नवम्बर	बुध	10	श्रीसर्वेश्वर प्रभु का प्राकट्य दिवस, श्रीहंस भगवान्, श्रीसनकादि जयन्ती (9 पूर्वविद्धा होने से आज) श्रीयुगल-शतक पाठ- श्रीमती शीला जी-लालचंद जी डोवटी वाले, श्रीमाधोबिहारीजी का मंदिर मध्याह्न 2 बजे से 9314005899
23	नवम्बर	गुरु	11	श्रीदेव प्रबोधिनी एकादशी, श्रीतुलसी विवाह-श्रीसर्वेश्वर सेवा धाम, भांकरोटा सायं 5 बजे से
24	नवम्बर	शुक्र	12	गोवत्स द्वादशी
25	नवम्बर	शनि	13	ब्रजविदेह श्रीमहंत श्रीसंतदासजी काठिया बाबा तिरोभाव तिथि, श्रीयुगल नाम संकीर्तन- श्री मोहन लाल जी पुड़ी वाले, निधिवन, सम्राट फार्म, वर्धमान नगर, अजमेर रोड जयपुर सायं 6 बजे से मो.: 9314504977
26	नवम्बर	रवि	14	श्रीवैकुण्ठ चतुर्दशी व्रत, चन्द्र पूर्णिमा
27	नवम्बर	सोम	15	पूर्णिमा पुण्य-स्नान-दान, आद्याचार्य श्रीनिम्बार्क भगवान् का 5119 वां जयन्ती महोत्सव, श्रीसत्य०पू०, देवदीपावली, कार्तिक स्नान पूर्ण, श्रीनिम्बार्क भगवान् का महाअभिषेक-बधाई गान, श्रीसर्वेश्वर सेवा धाम, भांकरोटा प्रात: 9 बजे से

मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष, संवत 2080

दिनांक	माह	वार	तिथि	व्रतोत्सव
2	दिसम्बर	शनि	5	श्रीनिम्बार्क भगवान् का छठी महोत्सव
4	दिसम्बर	सोम	7	श्रीनिम्बार्कपीठाधीश्वर श्रीहरिवंशदेवाचार्यजी का पाटोत्सव
5	दिसम्बर	मंगल	8	श्रीललितकिशोरीदेवजी का प्राकट्योत्सव टटिया स्थान
9	दिसम्बर	शनि	12	श्रीउत्पन्ना एकादशी व्रत (11 पूर्वविद्धा होने से आज) श्रीयुगल नाम संकीर्तन- श्री देवकीनंदन जी सोनी - श्रीमाधोबिहारी जी का मंदिर सायं 6 बजे से 9928277817
12	दिसम्बर	मंगल	30	अमावस्या, देवपितृकार्याऽमा

मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष, संवत 2080

दिनांक	माह	वार	तिथि	व्रतोत्सव
15	दिसम्बर	शुक्र	3	सेतुकाकार श्रीनिम्बार्कपीठाधीश्वर श्रीसुन्दरभट्टाचार्यजी का पाटोत्सव (2 पूर्वविद्धा होने से आज)
16	दिसम्बर	शनि	4	द्वाराधिपति रासलील प्रवर्तक श्रीउद्धवघमण्डदेवाचार्यजी प्राकट्योत्सव (3 पूर्वविद्धा होने से आज)
17	दिसम्बर	रवि	5	ठाकुर श्रीबाँकेबिहारी जी महाराज का प्राकट्योत्सव, श्रीरामजानकी विवाह महोत्सव
21	दिसम्बर	गुरु	9	श्रीयुगल शतक पाठ- श्रीमती रेखा जी-रमेश जी अग्रवाल सिंगोद वाले, श्रीमाधोबिहारी जी का मंदिर मध्याह्न 2 बजे से मो.: 9571171730
23	दिसम्बर	शनि	11	श्रीमोक्षदा एकादशी, श्रीत्रिस्पर्शा महाद्वादशी, श्रीगीता जयन्ती अखंड श्रीयुगल नाम संकीर्तन (प्रात: 10 बजे से) श्री गोविन्दशरण जी सोनी, प्लाट नं. 26, श्रीनिम्बार्क निकुंज बिहारी जी मंदिर के पीछे, निम्बार्क नगर, हीरापुरा, जयपुर मो.: 9782029967
24	दिसम्बर	रवि	13	देवर्षि भगवान् श्रीनारद जयन्ती, श्रीव्यञ्जन द्वादशी (12 क्षय होने से आज), अखंड श्रीयुगल नाम संकीर्तन पूर्णाहुति मो.: 9828071488
26	दिसम्बर	मंगल	15	पूर्णिमा पुण्य-स्नान-दान, श्रीसत्यनारायण व्रत

पौष कृष्ण पक्ष, संवत 2080

दिनांक	माह	वार	तिथि	व्रतोत्सव
27	दिसम्बर	बुध	1	श्रीनिम्बार्कपीठाधीश्वर श्रीकृपाचार्यजी का पाटोत्सव (पूर्णिमा पूर्वविद्धा होने से आज), श्रीरसिकमाधुरीशरण जी जयन्ती
2	जनवरी	मंगल	6	श्रीनिम्बार्कपीठाधीश्वर श्रीसर्वेश्वरशरणदेवाचार्य जी का पाटोत्सव
7	जनवरी	रवि	11	श्रीसफला एकादशी व्रत एवं श्रीनिम्बार्कपीठाधीश्वर श्रीगोपालभट्टाचार्य जी का पाटोत्सव
11	जनवरी	गुरु	30	अमावस्या देवपितृकार्याऽमा

पौष शुक्ल पक्ष, संवत 2080

दिनांक	माह	वार	तिथि	व्रतोत्सव
13	जनवरी	शनि	2	श्रीयुगलनाम संकीर्तन – श्री कृष्णबिहारी जी मोदी श्रीमाधोबिहारी जी का मंदिर सायं 6 बजे से 9351657070
17	जनवरी	बुध	7	बाबा श्रीरामचन्द्रदास जी महाराज स्मृति महोत्सव
19	जनवरी	शुक्र	9	श्रीनिम्बार्कपीठाधीश्वर श्रीनारायणदेवाचार्यजी का पाटोत्सव श्रीयुगल शतक पाठ– श्रीमती चित्रा जी – श्री दीपक जी दाल वाले, श्रीमाधोबिहारी जी का मंदिर मध्याह्न 2 बजे से मो.: 9414320894
21	जनवरी	रवि	11	पुत्रदा एकादशी व्रत, माघ स्नान प्रारम्भ, ब्रजविदेह श्रीमहंत श्रीरामदास जी काठिया बाबा तिरोभाव तिथि
22	जनवरी	सोम	12	श्रीमुकुन्दद्वाराचार्य श्रीमाधवदास जी महाराज का अविर्भाव दिवस, गौलोकवासी महंत श्रीद्वारकादासजी महाराज स्मृति महोत्सव
25	जनवरी	गुरु	15	पूर्णिमा पुण्य–स्नान–दान, श्रीसत्यनारायण व्रत

अनन्त काल से जीव सब, हरि–माया भव–बन्ध।
प्रभु शरणागत हो 'शरण', कटत व्याधि जग–अन्ध।।

वैष्णवता धारण करै, श्रीतुलसी गल–माल।
गोपीचन्दन–तिलक हो, 'शरण' कटत भव–जाल।।

माघ कृष्ण पक्ष, संवत 2080

दिनांक	माह	वार	तिथि	व्रतोत्सव
26	जनवरी	शुक्र	1	गणतन्त्र दिवस
27	जनवरी	शनि	2	जगद्गुरु श्रीनिम्बार्कपीठाधीश्वर श्रीराधासर्वेश्वरशरणदेवाचार्य श्रीश्रीजी महाराज का सप्तम निकुञ्ज प्रवेशोत्सव श्रीयुगल नाम संकीर्तन- श्री भँवरलाल जी वैष्णव (बंशीजी) श्रीमाधोबिहारी जी का मंदिर सायं 6 बजे से 9660796661
2	फरवरी	शुक्र	7	जगद्गुरु श्रीरामानन्दाचार्य जी जयन्ती
5	फरवरी	सोम	10	श्रीनिम्बार्कपीठाधीश्वर श्रीगोपेश्वरशरणदेवाचार्यजी का पाटोत्सव
6	फरवरी	मंगल	11	श्रीषटतिला एकादशी व्रत
7	फरवरी	बुध	12	तिल द्वादशी, श्रीललितमोहिनीदेव जी का प्राकट्योत्सव टटिया स्थान
9	फरवरी	शुक्र	14	श्रीनिम्बार्कपीठाधीश्वर श्रीबलभद्रभट्टाचार्यजी का पाटोत्सव, माघी मौनी अमावस्या, देवपितृकार्याऽमा, अमावस्या तिथि क्षय

माघ शुक्ल पक्ष, संवत 2080

दिनांक	माह	वार	तिथि	व्रतोत्सव
10	फरवरी	शनि	1	श्रीयुगल नाम संकीर्तन - श्री राजेश जी कन्दोई, बी-1-536, सेक्टर 1, वशिष्ठ पथ, चित्रकूट, वैशाली नगर जयपुर सायं 6 बजे से 9314522429
14	फरवरी	बुध	5	श्रीवसन्तोत्सव, श्रीसरस्वती पूजन, भाष्यकार श्रीनिम्बार्क-पीठाधीश्वर श्री श्रीनिवासाचार्यजी एवं जाह्नवीकार श्रीनिम्बार्क पीठाधीश्वर श्री श्रीदेवाचार्यजी का पाटोत्सव, गीतगोविन्दकार श्रीजयदेव जी जयन्ती महोत्सव, श्रीरसिकदेवजी का प्राक० ब्रह्मचारी श्रीगिरधारीशरण जी का जन्मोत्सव ठा० श्रीमदनगोपाल जी का पाटोत्सव- श्री गोपाललाल जी-सुशीला जी पुड़ीवाले, निधिवन, सम्राट फार्म, वर्धमान नगर अजमेर रोड, जयपुर सायं 5 बजे से मो.: 9351999211
16	फरवरी	शुक्र	7	रथ सप्तमी

17	फरवरी	शनि	8	भीष्म तर्पण
18	फरवरी	रवि	9	श्रीयुगल शतक पाठ- श्रीमती मंजू जी-गजानन्द जी अग्रवाल, श्रीमाधोबिहारी जी का मंदिर मध्याह्न 2 बजे से मो.: 9829050259
20	फरवरी	मंगल	11	श्रीजया एकादशी व्रत, महन्त श्रीगोविन्ददास जी महाराज का जन्मोत्सव
21	फरवरी	बुध	12	श्रीजया महाद्वादशी (पुनर्वसु नक्षत्रवशात), भीष्म द्वादशी
22	फरवरी	गुरु	13	श्रीबिहारीदास त्यागी जी महाराज स्मृति महोत्सव
23	फरवरी	शुक्र	14	चन्द्र पूर्णिमा
24	फरवरी	शनि	15	पूर्णिमा पुण्य-स्नान-दान, श्रीसत्यनारायण व्रत, माघ स्नान पूर्ति, श्रीयुगल नाम संकीर्तन - श्री गोवर्धनदास जी सोढानी श्रीमाधोबिहारी जी का मंदिर, सायं 6 बजे से 9309064554

फाल्गुन कृष्ण पक्ष, संवत 2080

दिनांक	माह	वार	तिथि	व्रतोत्सव
29	फरवरी	गुरु	5	श्रीनवलचन्द्र-निकुंज, वृन्दावन में सप्त दिवसीय श्रीमहावाणीजी वसंतोत्सव प्रारम्भ
7	मार्च	गुरु	12	श्रीविजय एकादशी व्रत (11 पूर्वविद्धा होने से आज)
9	मार्च	शनि	14	श्रीमहाशिवरात्री व्रत, श्रीयुगल नाम संकीर्तन-श्री चन्द्र बिहारी जी सोढानी, प्लाट नं.67, लवकुश नगर, मांग्यावास रोड, संगम पैराडाइज के पास, मानसरोवर, जयपुर सायं 5 बजे से मो.: 9829306764
10	मार्च	रवि	30	अमावस्या देवपितृकार्याऽमा

फाल्गुन शुक्ल पक्ष, संवत 2080

दिनांक	माह	वार	तिथि	व्रतोत्सव
14	मार्च	गुरु	5	श्रीनिम्बार्कपीठाधीश्वर श्रीविश्वाचार्यजी का पाटोत्सव (4 क्षय)
18	मार्च	सोम	9	बरसाना होरी, श्रीयुगल शतक पाठ -श्री हित सखी जी अग्रवाल, श्रीमाधोबिहारी जी का मंदिर मध्याह्न 2 बजे से मो.: 9928021581

19	मार्च	मंगल	10	नंदगाँव होरी
20	मार्च	बुध	11	वृन्दावन होरी
21	मार्च	गुरु	12	श्रीआमलकी एकादशी (11 पूर्वविद्धा होने से आज)
23	मार्च	शनि	13	श्रीयुगल नाम संकीर्तन एवं फाग महोत्सव - श्री रामबाबू जी खटाई वाले, मकान नं. 2000, खेजड़ों का रास्ता, तीसरा चौराहा, चांदपोल बाजार, जयपुर सायं 6 बजे से मो.: 9828784978
24	मार्च	रवि	14	चन्द्र पूर्णिमा, होलिकापर्व-होलिका दीपनं रात्रि 10.51 पश्चात श्रीअलीमाधुरी कुटी वृन्दावन में श्रीयुगल निकुंज होली लीला
25	मार्च	सोम	15	पूर्णिमा पुण्य-स्नान-दान, श्रीसत्यनारायण व्रत, धूलिवन्दन (छारंडी), दोलोत्सव, श्रीचैतन्य महाप्रभु जयन्ती, ब्रह्मचारी श्रीगिरधारीशरण जी का स्मृति महोत्सव श्रीमाधोबिहारी जी का मन्दिर, जयपुर

चैत्र कृष्ण पक्ष, संवत 2080

दिनांक	माह	वार	तिथि	व्रतोत्सव
26	मार्च	मंगल	1	दोलोत्सव
27	मार्च	बुध	2	श्रीनिम्बार्कपीठाधीश्वर श्रीगांगलभट्टाचार्यजी का पाटोत्सव
28	मार्च	गुरु	3	श्रीनिम्बार्कपीठाधीश्वर श्रीउपेन्द्रभट्टाचार्यजी का पाटोत्सव
5	अप्रैल	शुक्र	11	श्रीपापविमोचिनी एकादशी
6	अप्रैल	शनि	12	श्रीनिम्बार्कपीठाधीश्वर श्रीश्यामभट्टाचार्यजी, श्रीनिम्बार्कपीठाधीश्वर श्रीबालकृष्णशरणदेवाचार्य जी का पाटोत्सव (ये दोनों उत्सव 13 क्षय होने से आज) महावारुणी योग-गंगास्नान (त्रयोदशी-शतभिषा-शनिवार), तपोमूर्ति बाबा श्रीशुकदेवदासजी महाराज का स्मृति महोत्सव, नायला
8	अप्रैल	सोम	30	अमावस्या देवपितृकार्याऽमा, विक्रम संवत्सर 2080 पूर्ति

कालचक्र अति प्रबल है, करता सबको लीन।
राजा-योगी-रंक सब, 'शरण' काल-आधीन।।

।। श्रीराधासर्वेश्वरो विजयतेतराम् ।।

।। श्रीभगवन्निम्बार्काचार्याय नमः ।।

श्रीनिम्बार्क परिषद्

संरक्षक सभा

1. श्रीमहन्त श्रीवृन्दावनबिहारी दास जी काठिया, सुखचर, बंगाल
2. महन्त श्री बनवारी शरण जी, श्रीगोपाल जी का मंदिर जूसरी-मकराना
3. महन्त श्री वृन्दावनदास जी शास्त्री, श्रीअली माधुरी कुटी, वृन्दावन
4. आचार्य महामंडलेश्वर श्रीमंहत स्वामी श्रीपद्मनाभशरणदेवाचार्य जी
5. महन्त श्री सर्वेश्वरशरण जी, श्री गौतम ऋषि आश्रम वृन्दावन, निम्बार्क संत आश्रम नायला
6. महन्त श्री चतुर्भुजदास जी, दूदू
7. डॉ. श्री विष्णु के. आचार्य , वृन्दावन
8. श्री गोवर्धनदास जी सोढानी, जयपुर
9. श्री हनुमान सहाय जी बिडला, वृन्दावन
10. श्री श्यामसुन्दर जी पीतलिया, जयपुर

कार्यकारणी सभा

परमाध्यक्ष	आचार्य महामंडलेश्वर श्री मंहत स्वामी श्री पद्मनाभशरणदेवाचार्य जी
अध्यक्ष	देवेशचन्द स्वामी
उपाध्यक्ष	चन्द्र बिहारी सोढ़ानी
कोषाध्यक्ष	गजानन्द अग्रवाल
महामन्त्री	अमित शर्मा
संगठन मंत्री	रामबाबू अग्रवाल
प्रचार मंत्री	गोपाल लाल पुडी वाले
	राधा मोहन माहेश्वरी
सह-मन्त्री	चन्द्रप्रकाश अग्रवाल (रासबिहारी)
	देवकीनन्दन सोनी
सदस्य	जितेन्द्र शर्मा, लालचंद अग्रवाल, कृष्णबिहारी मोदी, चेतन शर्मा
	जीवनवल्लभ पीतलिया, महावीर शर्मा, बसंत मित्तल, अनुरोध वैष्णव

श्रीनिम्बार्क उत्सव मण्डल
अध्यक्ष - श्रीमती सुशीला पुड़ी वाले
उपाध्यक्ष - पवन कंदोई
संयोजक - भंवरलाल वैष्णव (बंशी)

श्रीनिम्बार्क महिला मण्डल
अध्यक्ष श्रीमती कृष्णा अग्रवाल
(खटाई वाले)

संपर्क सूत्र - 9351999211, 9829056106, 8949458300

।। श्रीराधासर्वेश्वरो विजयतेतराम् ।।

।। श्रीभगवन्निम्बार्काचार्याय नमः ।।

We Arrange Catering for Marriages & Other Parties

40, Sitaram Bazar, Brahmpuri, Jaipur-302002

Mob.: 800025887, 9314505803

।। श्रीराधासर्वेश्वरो विजयतेतराम् ।।

।। श्रीभगवन्निम्बार्काचार्याय नमः ।।

Radhika Impex

Manufacturers & Exporters, Whole Sale Suppliers :
All kinds of Zari Border (Brocade) & Embroidered Art, Silk & Printed Bed Cover, Cushion & Bag etc.

Specialist in :
Cotton Hand Block Print Bedsheet & Cotton Screen Bedsheet

207, Near Madho Vilas Puliya, Brahampuri Road, Jaipur-302002 (Raj.)
Mobile : 9414067335
Email : radhikaimpex@gmail.com, radhika_2007@hotmail.com

SVARN RAS
PURE DESI (A2)
COW MILK
HOME DELIVERED
EVERYDAY!
BS AGRO
FARMS LLP
ISO
HACCP
BS AGRO FARM'S
SVARN RAS
100% NATURAL
A2 MILK
CALL NOW FOR HOME DELIVERY!
+91 99280 24416 / +91 94140 68473
MOTU KA WAAS, SURYA VATIKA STAND
SIKAR ROAD, JAIPUR, RAJASTHAN,
PIN: 303704, INDIA
BENEFITS OF
SVARN RAS
COW MILK
PURE BREED INDIAN COWS
BUILDS STRONG BONES AND TEETH
NO PESTICIDES OR FERTILIZERS TO GROW GRASS
HELPS TO MAINTAIN A HEALTHY BLOOD PRESSURE LEVEL
FODDER FOR COWS GROWS AT FARM
BOOSTS ENERGY AND REDUCES FATIGUE
NO HORMONE INJECTIONS GIVEN TO COWS
CONTRIBUTES TO THE GROWTH & MAINTENANCE OF MUSCLE MASS
COW ARE MILKED WITH HANDS
SUPPORT IN HEALTHY COGNITIVE FUNCTION
DELIVERED IN ECO-FRIENDLY GLASS BOTTLES
EASY TO DIGEST